# RAS PYQ – Indian Geography [2024-2015]

## 2024


**1. निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम क्या है?**

A. लद्दाख B. शिवालिक
C. काराकोरम D. जास्कर

**कूट :**

(1) C, B, A, D (2) A, C, B, D
(3) D, C, A, B (4) C, A, D, B
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**




| क्र.सं. | श्रेणी | हिमालयी क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. काराकोरम | ट्रांस-हिमालय (सबसे उत्तर) | यह भारत की सबसे उत्तरी श्रेणी है जिसमें K2 (Godwin Austen) शिखर स्थित है। |
| 2. लद्दाख | ट्रांस-हिमालय | यह काराकोरम श्रेणी के दक्षिण में स्थित है और सिंधु नदी इसे जास्कर श्रेणी से अलग करती है। |
| 3. जास्कर | ट्रांस-हिमालय | यह लद्दाख श्रेणी के दक्षिण में और ग्रेट हिमालय के उत्तर में स्थित है। |
| 4. शिवालिक | बाह्य हिमालय (सबसे दक्षिण) | यह सबसे दक्षिणी और सबसे नवीन हिमालयी श्रेणी है जिसे हिमालय की तलहटी (foothills) भी कहा जाता है। |

**2. निम्नांकित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?**

(1) मानसून अभियान (Monex) संयुक्त राज्य अमेरिका (U.S.A.) तथा भारत के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किया गया था।
(2) चेन्नई में वर्षा की विषमता मुम्बई से अधिक है।
(3) लौटता मानसून तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा लाता है।
(4) पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागर से उत्पन्न होते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- मानसून अभियान (Monsoon Experiment) 1979 में आयोजित किया गया था। यह अभियान मुख्य रूप से विश्व **मौसम विज्ञान संगठन (WMO)** और **अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संघ परिषद (ICSU)** द्वारा शुरू किए गए बड़े वैश्विक वायुमंडलीय अनुसंधान कार्यक्रम (GARP) का हिस्सा था। इसमें भारत के साथ-साथ सोवियत संघ (USSR) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, न कि केवल U.S.A. और भारत ने।
- चेन्नई को अपनी अधिकांश वर्षा उत्तर-पूर्वी मानसून (Retreating Monsoon) से मिलती है, जो अनियमित और परिवर्तनीय होता है, जिससे वर्षा की विषमता (variability) अधिक होती है। इसके विपरीत, मुम्बई को वर्षा दक्षिण-पश्चिमी मानसून से मिलती है, जो अपेक्षाकृत अधिक स्थिर और विश्वसनीय होता है।
- **लौटता हुआ/उत्तर-पूर्वी मानसून** (अक्टूबर से दिसंबर तक) बंगाल की खाड़ी से नमी ग्रहण करता है और मुख्य रूप से तमिलनाडु के कोरोमंडल तट पर भारी वर्षा करता है।
- पश्चिमी विक्षोभ (Western Disturbances) भूमध्यसागर (Mediterranean Sea) में उत्पन्न होने वाले अतिरिक्त-उष्णकटिबंधीय तूफान होते हैं, जो पूर्व की ओर बढ़ते हुए ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान को पार करते हुए भारत के उत्तरी भागों में पहुँचते हैं और सर्दियों में वर्षा लाते हैं।

**3. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I सहायक नदी | सूची-II नदी |
|---|---|
| A. राप्ती | i. ब्रह्मपुत्र |
| B. तिस्ता | ii. नर्मदा |
| C. हिरण | iii. गोदावरी |
| D. पूर्णा | iv. घाघरा |

**कूट :**

(1) A-i B-vi C-ii D-iii
(2) A-iv B-i C-ii D-iii
(3) A-i B-ii C-iii D-iv
(4) A-iii B-i C-iv D-ii
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- दिए गए विकल्पों में सूची-I की सहायक नदियाँ और सूची-II की मुख्य नदियाँ इस प्रकार संगत हैं–
  - राप्ती - घाघरा
  - तिस्ता - ब्रह्मपुत्र
  - हिरण - नर्मदा
  - पूर्णा - गोदावरी

**4. कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| **परमाणु ऊर्जा प्लान्ट** | **राज्य** |
|---|---|
| (1) नरोरा | उत्तरप्रदेश |
| (2) कलपक्कम | तमिलनाडु |
| (3) काकरापार | गुजरात |
| (4) कैगा | तमिलनाडु |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- **परमाणु ऊर्जा प्लान्ट - राज्य**
  (1) नरोरा – उत्तर प्रदेश (बुलंदशहर जिला)
  (2) कलपक्कम – तमिलनाडु (मद्रास परमाणु ऊर्जा स्टेशन)
  (3) काकरापार – गुजरात (सूरत के पास)
  (4) कैगा – कर्नाटक (उत्तरी कन्नड़ जिला)

**5. स्वर्णिम चतुर्भुज के चार खण्ड निम्न शहरों को जोड़ते हैं–**

A. दिल्ली - मुम्बई B. मुम्बई - चेन्नई
C. चेन्नई - कोलकाता D. कोलकाता - दिल्ली

**उपर्युक्त चार खण्डों की लम्बाई को घटते हुए क्रम में ध्यान देते हुए निम्न दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिए :**

**कूट :**

(1) D, C, A, B (2) C, D, A, B
(3) C, D, B, A (4) D, C, B, A
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- स्वर्णिम चतुर्भुज भारत के चार महानगरों (दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता) को जोड़ने वाला राजमार्ग नेटवर्क है।
- **खंडों की अनुमानित लंबाई (घटते क्रम में) निम्नलिखित है:**
  - चेन्नई – कोलकाता (1,684 किमी.)
  - कोलकाता – दिल्ली (1,453 किमी.)
  - दिल्ली – मुम्बई (1,419 किमी.)
  - मुम्बई – चेन्नई (1,290 किमी.)

**6. निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए :**

(1) अल नीनो एवं ला नीना मौसम के प्रतिरूप हैं।
(2) अल नीनो एवं ला नीना एक प्रकार के झंझावात हैं।
(3) अल नीनो के दौरान तट से दूर पादप-प्लवक कम होते हैं।
(4) ला नीनो के दौरान व्यापारिक हवाएँ सामान्य से अधिक प्रबल होती हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- अल नीनो और ला नीनो झंझावात (Storms/Cyclones) नहीं हैं। ये बड़े महासागरीय और वायुमंडलीय घटनाएँ हैं जो तापमान और वायुमंडलीय दाब में परिवर्तन से जुड़ी हैं। ये घटनाएँ झंझावात के निर्माण की स्थितियों को प्रभावित कर सकती हैं, लेकिन वे स्वयं झंझावात नहीं हैं।
- अल नीनो (El Niño) और ला नीना (La Niña) प्रशांत महासागर में समुद्र सतह के तापमान (SST) में होने वाले बड़े पैमाने के बदलाव हैं। ये मिलकर ENSO (El Niño-Southern Oscillation) चक्र का निर्माण करते हैं, जो वैश्विक मौसम और जलवायु प्रतिरूपों को प्रभावित करता है।
- अल नीनो के दौरान, मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में सतह का गर्म जल संवहन (Upwelling) को दबा देता है, जिससे गहरे, पोषक तत्वों से भरपूर ठंडे पानी का सतह तक आना रुक जाता है। पोषक तत्त्वों की कमी के कारण पादप-प्लवक (Phytoplankton) की मात्रा कम हो जाती है, जिससे समुद्री खाद्य श्रृंखला प्रभावित होती है।
- ला नीना, जो ENSO चक्र का ठंडा चरण है, में मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर का जल सामान्य से अधिक ठंडा हो जाता है। इस ठंडे पानी के कारण व्यापारिक हवाएँ (Trade Winds) सामान्य से अधिक प्रबल (Stronger) हो जाती हैं, जो गर्म पानी को पश्चिमी प्रशांत की ओर धकेलती हैं।

## 2023

**7. पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर जोड़ता है__________?**

(1) इम्फाल को अहमदाबाद से
(2) दीमापुर को वडोदरा से
(3) सिलचर को पोरबंदर से
(4) गुवाहाटी को काण्डला बन्दरगाह से
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर पोरबंदर (गुजरात) से सिल्चर (असम) तक विस्तृत है। यह NH-27 पर स्थित है तथा भारत के कुल 7 राज्यों गुजरात (974.62 किलोमीटर), राजस्थान (640.90 किलोमीटर), मध्यप्रदेश (121.90 किलोमीटर), उत्तरप्रदेश (581 किलोमीटर), बिहार (487 किलोमीटर), पश्चिम बंगाल (582.38 किलोमीटर) तथा असम (724.82 किलोमीटर) से गुजरता है।
- पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर में दूरी (किलोमीटर) के अनुसार बड़े से छोटे के क्रम में राज्य- गुजरात > असम > राजस्थान > पश्चिम बंगाल > उत्तर प्रदेश > बिहार > मध्य प्रदेश।
- पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर में दूरी (किलोमीटर) के अनुसार छोटे से बड़े के क्रम में राज्य- मध्य प्रदेश < बिहार < उत्तर प्रदेश < पश्चिम बंगाल < राजस्थान < असम < गुजरात।

**8. भारत राज्य वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार, वनस्पति आवरण के संदर्भ में वन क्षेत्र 16,654 वर्ग किमी. है व राजस्थान के भौगोलिक क्षेत्र का ________प्रतिशत है।**

(1) 6.74 (2) 7.84
(3) 8.47 (4) 4.87



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- भारत राज्य वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार, वनस्पति आवरण के संदर्भ में वन क्षेत्र 16,654 वर्ग किमी. है, जो राजस्थान के भौगोलिक क्षेत्र का 4.87% प्रतिशत है अर्थात् राजस्थान के कुल भौगोलिक क्षेत्र (342,239 km²) के 4.87% भाग पर वन हैं।

**9. भारत में बॉक्साइट और अभ्रक के सर्वाधिक उत्पादक राज्य कौन–से हैं?**

| **बॉक्साइट** | **अभ्रक** |
|---|---|
| (1) मध्य प्रदेश | महाराष्ट्र |
| (2) छत्तीसगढ़ | ओडिशा |
| (3) ओडिशा | आन्ध्र प्रदेश |
| (4) झारखंड | राजस्थान |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या:-**

- इस प्रश्न को राजस्थान लोकसेवा आयोग द्वारा निरस्त किया गया।

**10. इनमें से कौन-सा समूह मिलेट्स (श्रीअन्न) फसलों का है?**

(1) बाजरा, मक्का, कोदो, ज्वार
(2) रागी, बाजरा, कोदो मूंग
(3) कोदो, बाजरा, मक्का, कँगनी
(4) ज्वार, कोदो, कँगनी, रागी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- श्रीअन्न में बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, कँगनी, कुटकी, सांवा आदि शामिल हैं।
- संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को 'मिलेट्स का अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष' घोषित किया।

**11. इनमें से कौन-सा प्राकृत संसाधन गैर-नवीकरणीय संसाधन माना जाता है?**

(1) इमारती लकड़ी (टिम्बर) (2) जीवाश्म ईंधन
(3) सौर ऊर्जा (4) पवन ऊर्जा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- गैर नवीकरणीय संसाधन ऐसे प्राकृतिक संसाधन हैं, जो निरंतर मानव उपभोग के कारण समाप्त हो जाते हैं और इनकी भरपाई या प्रतिस्थापन भी नहीं हो पाता। इसका सीमित संग्रह है। कोयला, प्राकृतिक गैस, पैट्रोलियम आदि जीवाश्म ईंधन गैर-नवीकरणीय संसाधन के उदाहरण हैं।

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**(A) कश्मीर हिमालय 'करेवा' निर्माण के लिए प्रसिद्ध है।**
**(B) नालागढ़ दून सभी दूनों में सबसे बड़ा है।**
**(C) नामचा बरवा पर्वत शिखर अरुणाचल हिमालय में स्थित है।**
**(D) 'फूलों की घाटी' हिमाचल और उत्तराखण्ड हिमालय में स्थित है।**

**कूट :**

(1) A, B, C और D सही हैं (2) B और C सही हैं
(3) A और C सही हैं (4) A, B और C सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- कश्मीर हिमालय 'करेवा' निर्माण के लिए प्रसिद्ध है।
- नामचा बरवा पर्वत शिखर अरुणाचल हिमालय में स्थित है।
- 'फूलों की घाटी' उत्तराखण्ड हिमालय में स्थित है।
- देहरादून सभी दूनों में सबसे बड़ा है, जिसकी लंबाई 35- 45 किलोमीटर और चौड़ाई 22-25 किलोमीटर है।

**13. भारत का कौन-सा क्षेत्र उत्तर-पूर्वी मॉनसून से वर्षा प्राप्त करता है?**

**(A) तमिलनाडु तट** **(B) गुजरात तट**
**(C) दक्षिणी आंध्रप्रदेश** **(D) दक्षिण-पूर्वी कर्नाटक**

**कूटः**

(1) A, B, C और D (2) A, C और D
(3) B, C और D (4) A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- उत्तर-पूर्वी मानसून से दक्षिण- पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत में वर्षा होती है।
- उत्तर-पूर्वी मानसूनी हवाएँ बंगाल की खाड़ी से नमी प्राप्त करती हैं तथा इस मानसून के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में भारी वर्षा होती है।

**14. कौन–सा सुमेलित नहीं है?**

| | |
|---|---|
| (1) भीमताल | उत्तराखंड |
| (2) पुलिकट | तमिलनाडु |
| (3) लोकटक | मणिपुर |
| (4) रूपकुण्ड | हिमाचल प्रदेश |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- भारत के उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में स्थित रूपकुण्ड झील एक हिम झील है। इसे कंकाल झील के नाम से भी जाना जाता है।

## 2021

**15. दोदाबेटा चोटी स्थित हैं –**

(1) अन्नामलाई पहाड़ियों में
(2) नीलगिरि पहाड़ियों में
(3) विन्ध्याचल श्रेणी में
(4) सतपुड़ा श्रेणी मे **[2]**

**व्याख्या:-**

- दोदाबेटा चोटी नीलगिरि पहाड़ियों में स्थित है। इसकी ऊँचाई समुद्रतल से 2637 मीटर है।

**16. निम्न में से कौन उत्तर-दक्षिण गलियारे पर स्थित है?**

(1) लखनऊ
(2) आगरा



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(3) कोटा
(4) कानपुर **[2]**

**व्याख्या:-**

- आगरा उत्तर-दक्षिण गलियारे पर स्थित है। कानपुर, लखनऊ तथा कोटा पूर्व-पश्चिम गलियारे पर स्थित हैं।

**17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –**

| सूची-I नदी | | सूची-II सहायक नदी | |
|---|---|---|---|
| A. | गोदावरी | (i) | भवानी |
| B. | महानदी | (ii) | पेनगंगा |
| C. | दामोदर | (iii) | शिवनाथ |
| D. | कावेरी | (iv) | बाराकर |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (d) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**[2]**

**व्याख्या:-**

| **नदी** | **सहायक नदी** |
|---|---|
| गोदावरी | पेनगंगा |
| महानदी | शिवनाथ |
| दामोदर | बराकर |
| कावेरी | भवानी |

**18. निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित है?**

(1) मैंगनीज – बैलाडीला
(2) बॉक्साइट – लोहरदगा
(3) लोहा – कोडरमा
(4) अभ्रक – तालचेर **[2]**

**व्याख्या:-**

- कोडरमा – मीका
- तालचर – कोयला खदान
- लोहरदगा – बॉक्साइट
- बैलाडीला – लौह अयस्क।

**19. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –**

| सूची-I स्थान | | सूची-II ऊर्जा | |
|---|---|---|---|
| A. | पावागढ़ | (i) | पवन |
| B. | तातपानी | (ii) | सौर |
| C. | मुपंदल | (iii) | भूतापीय |
| D. | काकरापार | (iv) | परमाणु (आण्विक) |

**कूट –**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (b) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (c) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (d) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**[4]**

**व्याख्या:-**

- पावागढ़- सौर ऊर्जा, तातपानी- भूतापीय, मुपंदल- पवन, काकरापार- परमाणु (आण्विक)।

**20. भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2019 के अनुसार, निम्न में से किस एक जिले में बहुत घना जंगल क्षेत्रफल न्यूनतम है?**

(1) जैसलमेर (2) जोधपुर
(3) अलवर (4) जयपुर **[2]**

**व्याख्या:-**

- भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2019 के अनुसार जोधपुर में बहुत घना जंगल क्षेत्रफल न्यूनतम है।

## 2018

**21. निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वतीय चोटी पूर्वी घाट में अवस्थित नहीं है?**

(1) गली कौंडा (2) सलहेर
(3) सिंकराम गट्टा (4) मादुगुला कौंडा **[2]**

**व्याख्या:–**

- सलेहर पर्वत पश्चिमी घाट (सह्याद्रि शृंखला) के महाराष्ट्र में अवस्थित शिखर है।
- इसकी ऊँचाई 1567 मी. है।
- यहीं पर सलहेर दुर्ग भी स्थित है।

**22. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| **स्थानान्तरण कृषि का नाम** | **राज्य** |
|---|---|
| (A) पोण्डु | ओडिशा |
| (B) माशा | हिमाचल प्रदेश |
| (C) पोनम | केरल |
| (D) झूम | असम |

**[2]**

**व्याख्या:-**

- स्थानान्तरण कृषि से तात्पर्य भूमि का कुछ भाग जो कुछ समय तक कृषि करने हेतु तैयार किया जाता है तथा उसका उपजाऊपन समाप्त हो जाने पर उसे छोड़कर यहीं प्रक्रिया किसी अन्य क्षेत्र के लिए अपनायी जाती है।
- पोण्डु-ओडिशा, पोनम - केरल, झूमिंग- पूर्वोत्तर, माशा- मध्यप्रदेश, खिल-हिमाचल प्रदेश, वालरा- दक्षिणी राजस्थान, कुराबा छतीसगढ़, कुमारी- कर्नाटक।

**23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I भारत में संरक्षित क्षेत्र | | सूची–II संख्या, वर्ष 2018 में | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **सामुदायिक रिज़र्व** | **I.** | **103** |
| **B.** | **कन्जर्वेशन रिज़र्व** | **II.** | **46** |
| **C.** | **राष्ट्रीय पार्क** | **III.** | **544** |
| **D.** | **वन्य जीव अभयारण्य** | **IV.** | **76** |

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | IV | I | III |
| (B) | III | II | I | IV |
| (C) | IV | III | II | I |



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(D) III II IV I [1]

**व्याख्या:-**

| भारत में संरक्षित क्षेत्र | | वर्ष 2018 | वर्ष 2020 |
|---|---|---|---|
| (1) | सामुदायिक रिज़र्व | 46 | 163 |
| (2) | कन्जर्वेशन रिज़र्व | 76 | 88 |
| (3) | राष्ट्रीय पार्क | 101 | 103 |
| (4) | वन्य जीव अभ्यारण्य | 544 | 553 |

## 2016

**24. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| दर्रे | राज्य में स्थिति |
|---|---|
| (1) शिपकी-ला | जम्मू-कश्मीर |
| (2) जैलेप-ला | सिक्किम |
| (3) बॉम डि-ला | अरुणाचल प्रदेश |
| (4) माना और नीति | उत्तराखण्ड |

[1]

**व्याख्या:-**

- हिमालय के प्रमुख दर्रों में शिपकी-ला दर्रा भारत के हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले को तिब्बत के गारी विभाग के जान्दा जिले से जोड़ता है।
- सतलज नदी इस दर्रे के पास ही एक तंग घाटी से गुजरकर तिब्बत से भारत में प्रवेश करती है।

**25. कथन A : भारत में हरित क्रान्ति के फलस्वरूप खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।**
**कारण R : भारत में हरित क्रान्ति के परिणामस्वरूप क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि हुई है।**
**कूट :**
(1) A और R दोनों सही हैं एवं R, A की सही व्याख्या करता है।
(2) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) A सही है, परन्तु R गलत है।
(4) A गलत है, परन्तु R सही है। [2]

**व्याख्या:-**

- एम. एस. स्वामी नाथन द्वारा 1966-1967 में हरित क्रांति की शुरुआत उच्च उत्पादक बीजों का प्रयोग प्रारंभ करके खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता हासिल करने हेतु किया गया।
- इसका पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तरप्रदेश को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हुआ जिससे गेहूँ तथा चावल के उत्पादन में व्यापक वृद्धि हुई।
- इस क्रांति से उत्तरी पूर्वी राज्यों, दक्षिणी राज्यों में कम उत्पादन से क्षेत्रीय असमानता में वृद्धि हुई।

**26. निम्नलिखित में से सन् 2013-14 में भारत में मैंगनीज उत्पादक राज्यों में उच्च से निम्न उत्पादन स्तर का कौन-सा क्रम सही है?**
(1) मध्य प्रदेश, ओडिशा, आन्ध्र प्रदेश एवं राजस्थान
(2) राजस्थान, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं आन्ध्र प्रदेश
(3) मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान एवं आन्ध्र प्रदेश
(4) ओडिशा, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश एवं राजस्थान [1]

**व्याख्या:-**

- भारत में मैंगनीज उत्पादक राज्यों में सन् 2013-14 में उच्च से निम्न उत्पादन स्तर का सही क्रम था- मध्यप्रदेश, ओड़िशा, आंध्रप्रदेश एवं राजस्थान।
- **राज्य – उत्पादित क्षेत्र**
  - राजस्थान – अजमेर, उदयपुर
  - ओड़िशा – केन्दुसर, बुनाई
  - आंध्रप्रदेश – कुडप्पा
  - मध्यप्रदेश – बालाघाट

**27. उत्तर-दक्षिण गलियारे (North-South Corridor) पर स्थित निम्नलिखित नगरों को उत्तर से दक्षिण के क्रम में व्यवस्थित करते हुए सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये –**
**(A) नागपुर (B) आगरा**
**(C) कृष्णागिरि (D) ग्वालियर**
**कूट :**
(1) (B), (C), (A) और (D)
(2) (B), (D), (A) और (C)
(3) (D), (B), (C) और (A)
(4) (A), (B), (D) और (C) [2]

**व्याख्या:-**

- उत्तर-दक्षिण गलियारा NH-44 द्वारा जम्मू-कश्मीर को कन्याकुमारी से जोड़ेगा जिसकी लम्बाई 3806 Km है यह जम्मू-कश्मीर से हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक से तमिलनाडु से गुजरेगा।


**28. भारत में स्थापित पहला राष्ट्रीय उद्यान है–**
(1) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (2) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(3) गिर राष्ट्रीय उद्यान (4) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान [2]

**व्याख्या:-**

- भारत में स्थापित पहला राष्ट्रीय उद्यान जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान है। इसका प्राचीन नाम हैली नेशनल पार्क था।

## 2015

**29. निम्नलिखित भारत के मानचित्र पर पूर्व तटीय बंदरगाहों की स्थिति 1, 2, 3, एवं 4 से प्रदर्शित की गई है। इन्हें पहचानिये तथा नीचे दिये गये क्रम में से उत्तर दीजिए–**




(1) चेन्नई, तुतिकोरिन, विशाखापट्टनम्, मछलीपट्टनम्
(2) तुतिकोरिन, चेन्नई, मछलीपट्टनम्, विशाखापट्टनम्
(3) तुतिकोरिन, चेन्नई, विशाखापट्टनम्, मछलीपट्टनम्

(4) मछलीपट्टनम्, चेन्नई, तुतिकोरिन, विशाखापट्टनम्   **[2]**

**व्याख्या:-**




**30. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सुमेलित नहीं है?**

| **तेल शोधनशाला** | **स्थापित** |
|---|---|
| (1) तातीपाका (आंध्र प्रदेश) | ओ.एन.जी.सी. |
| (2) डिग्बोई (असम) | आई.ओ.सी.एल. |
| (3) कोयली (गुजरात) | एच.पी.सी.एल |
| (4) बीना (म.प्र.). | बी.पी.सी.एल. **[3]** |

**व्याख्या:–**

- **भारत की प्रमुख रिफाइनरी–**

  **(1) IOCL -** गुवाहाटी, बरौनी, कोयली, हल्दिया, मथुरा, डिग्बोई, पारादीप, पानीपत, बोनगाई गाँव, नरीमन, मनाली

  **(2) ONGC -** मंगलौर, तातीपाका

  **(3) HPCL-** भटिण्डा, मुंबई, विशाखापट्टनम, बाड़मेर (निर्माणाधीन)

  **(4) BPCL -** कोच्चीन, नुमालीगढ़, बीना, मुंबई

**31. उत्तर-दक्षिण व पूर्व-पश्चिम कोरिडोर सुपर हाईवे का मिलन कस्बा है–**

(1) दिल्ली   (2) नागपुर
(3) झाँसी   (4) हैदराबाद   **[3]**

**व्याख्या:-**

- उत्तर-दक्षिण व पूर्व-पश्चिम कोरिडोर सुपर हाईवे का मिलन झाँसी (उत्तर-प्रदेश) में है।
- उत्तर - दक्षिण गलियारा NH-44 द्वारा जोड़ा गया जो कि भारत का सबसे लंबा राजमार्ग है। लम्बाई - 3806Km पश्चिमी- पूर्व गलियारा द्वारा जोड़ा गया है। लंबाई- 3507Km.

**32. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का राज्य कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है-**

(1) त्रिपुरा   (2) मणिपुर
(3) मिजोरम   (4) झारखंड   **[2]**

**व्याख्या:–**

- कर्क रेखा भारत में गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है। मणिपुर कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है।

**33. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**कथन A : हिमालय से निकलने वाली नदियाँ सतत् वाहिनी हैं।**

**कारण B : हिमालय नदियों का उद्गम स्रोत हिमानियों में स्थित है।**

(1) A और R दोनों सही हैं और R, A की पुष्टि करता है।
(2) A और R दोनों सही हैं और R, A की पुष्टि नहीं करता है।
(3) A सही है और R गलत है।
(4) A गलत है और R सही है।   **[1]**

**व्याख्या:–**

- हिमालय से निकलने वाली नदियाँ सतत् वाहिनी हैं क्योंकि हिमालयन नदियों का उद्गम स्रोत हिमानियों में स्थित है।

**34. भारत का सबसे अधिक विस्तृत भू आकृतिक प्रदेश है-**

(1) दक्षिण का पठार
(2) उत्तरी मैदान
(3) उत्तरी पर्वत
(4) तटीय मैदान   **[1]**

**व्याख्या:–**

- दक्षिण का पठार भारत का ही नहीं, अपितु विश्व का प्राचीनतम पठार है। यह आर्कियन युग की चट्टानों से बना है तथा इसका कोई भी भाग समुद्र के नीचे नहीं डूबा है।
- विवर्तनि की दृष्टिकोण से शांत क्षेत्र होने के कारण यहाँ भूकम्प की संभावना काफी कम होती है।
- इसका क्षेत्रफल लगभग 7 लाख वर्ग किमी. है। भारत के उत्तरी भाग में स्थित होने के कारण इसे उत्तरी भारत का मैदान भी कहा जाता है। दक्षिण के पठार में लाल-पीली तथा काली मृदा मिलती है।

**35. सुनहरी (गोल्डन) चावल है-**

(1) चीन की पीली नदी के तट पर उगाई गई चावल की एक किस्म।
(2) लम्बे समय के उपरान्त पीली आभा (टिन्ट) वाले चावल।
(3) एक ट्रांसजेनिक चावल की किस्म जिसमें कैरोटीन के लिए जीन उपलब्ध है।
(4) चावल की एक जंगली किस्म जिसमें पीले रंग के चावल होते हैं।   **[3]**

**व्याख्या:-**

**सुनहरी गोल्डन चावल (SGR-1)**

- स्विस फेडरलट्युट ऑफ टेक्नोलॉजी के इगो पोट्रिकस तथा फिबर्ग विश्वविद्यालय के पीटर वेयर द्वारा खोजी गयी।

  सुनहरा चावल (गोल्डन चावल) औरिजा सैटिवा चावल का एक किस्म है जिसे बिटा-कैरोटिन, जो जेनेटिक इंजिनियरिंग के द्वारा बनाया जाता है।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- सुनहरी गोल्डन चावल-2 किस्म 2005 में विकसित की गयी।

**36. निम्नलिखित जंगलों में से कौन-सा जंगल पृथ्वी ग्रह के फेफड़ों के रूप में जाना जाता है?**

(1) टैगा वन (2) टुंड्रा वन
(3) अमेजन वर्षा वन (4) पूर्वोत्तर भारत के वर्षा वन

**[3]**

**व्याख्या:-**

- अमेजन वर्षा वन को पृथ्वी ग्रह के फेफड़े के रूप में जाना जाता है। यह विश्व की लगभग 20 प्रतिशत ऑक्सीजन पैदा करता है तथा यह कार्बन डाई-ऑक्साइड का बहुत बड़े भाग का अवशोषण करता है इसलिए इसको 'कार्बन सिंक' भी कहा जाता है।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213